कार्यालय जिला न्यायाधीश रुद्रप्रयाग।

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला न्यायालय रुद्रप्रयाग में निष्प्रयोज्य 25 के0वी0ए0 जनरेटर एवं बाह्य न्यायालय उखीमठ में निष्प्रयोज्य 05 के0वी0ए0 जनरेटर की नीलामी "जैसा है जहां है कि स्थिति में" हेतु दिनांक 25.07.2026 को दोपहर 02 बजे तक नीलामी हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है तथा उसी कार्यदिवस को सांय 04 बजे समिति के समक्ष जजशिप परिसर रुद्रप्रयाग में उक्त निष्प्रयोज्य जनरेटरों की बोली लगायी जायेगी। नीलामी फार्म नजारत अनुभाग व जजशिप की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। नीलामी के नियम व शर्तें, जिला न्यायालय रुद्रप्रयाग की वेबसाइट https://rudraprayag.dcourts.gov.in/ पर उपलब्ध हैं।

11.07.2026.

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
अध्यक्ष, नीलामी समिति,
जजशिप, रूद्रप्रयाग।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–:

1. नोटिस बोर्ड जनपद न्यायालय, रुद्रप्रयाग।
2. नोटिस बोर्ड जिलाधिकारी कार्यालय, रुद्रप्रयाग।
3. नोटिस बोर्ड, मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय रूद्रप्रयाग।
4. नोटिस बोर्ड सूचना विभाग, रुद्रप्रयाग।
5. नोटिस बोर्ड, नगरपालिका परिषद, रुद्रप्रयाग।
6. नोटिस बोर्ड, बाह्य न्यायालय उखीमठ।
7. सिस्टम ऑफिसर, को जिला न्यायालय, रुद्रप्रयाग की वेबसाइड पर अपलोड करने हेतु।

अध्यक्ष, नीलामी समिति,
जजशिप, रूद्रप्रयाग।

नीलामी हेतु नियम व शर्तें

1. नीलामी हेतु निविदा आवेदन फार्म दिनांक 25.07.2026 को दोपहर 02 बजे तक जजशिप रुद्रप्रयाग के नजारत अनुभाग से प्राप्त किया जा सकता है, तथा जजशिप की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

2. उक्त नीलामी हेतु आवेदन फार्म पूर्ण रूप से भर कर दिनांक 25.07.2026 को समय 02 बजे तक जिला न्यायालय रूद्रप्रयाग के नजारत अनुभाग में जमा कराना होगा तथा दोनों जनरेटरों हेतु पृथक–पृथक आवेदन पत्र भरा जाना है।

4. नीलामी हेतु आवेदनकर्ता द्वारा आवेदन फार्म दिनांक 25.07.2026 को समय 02 बजे तक नजारत अनुभाग में जमा कराना होगा। नियत दिनांक व समय के बाद प्राप्त होने वाले नीलामी फार्म को किसी भी परिस्थितियों में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

5. उक्त नीलामी प्रकिया में चयनित निविदाकार केन्द्र/राज्य द्वारा देय जी.एस.टी. अन्य कर/कटोती जमा करने का स्वयं उत्तरदायी होगा।

7. उक्त नीलामी दिनांक 25.07.2026 को सांय 04 बजे नीलामी समिति के समक्ष स्थान जिला न्यायालय परिसर रुद्रप्रयाग में इच्छुक बोलीदाता द्वारा बोली लगायी जायेगी। दोनों जनरेटरों हेतु पृथक–पृथक बोली लगेगी।

8. नीलामी में प्रतिभाग करने वाले समस्त बोलीदाताओं को सार्वजनिक नीलामी की शर्तों पर सहमति के पश्चात ही प्रतिभाग करना अपेक्षित है एवं जमानत धनराशि के रूप में पृथक–पृथक बोली रूपये 2,000/– नगद दिनांक 25.07.2026 को अपराह्न 02.00 बजे तक नजारत अनुभाग, जिला न्यायालय रूद्रप्रयाग में जमा करने होंगे, जो नीलामी प्रकिया पूर्ण होने के उपरान्त असफल बोलीदाताओं को नियमानुसार वापस कर दी जायेगी।

9. सफल बोलीदाता द्वारा नीलामी हेतु सामग्री का चयन या छंटाई की अनुमति नहीं दी जायेगी। सफल बोलीदाता की अर्नेस्ट (Earnest Money) धनराशि, कुल बोली की राशि में समायोजित की जायेगी।

10. बोलीदाता द्वारा जजशिप रूद्रप्रयाग में निष्प्रयोज्य 25 के0वी0ए0 जनरेटर एवं बाह्य न्यायालय उखीमठ में निष्प्रयोज्य 05 के0वी0ए0 जनरेटर का समस्त मूल्य जिला न्यायालय के नजारत अनुभाग में जमा करने के उपरान्त ही जनरेटर उठाने दिया जायेगा।

11. जजशिप रूद्रप्रयाग में निष्प्रयोज्य 25 के0वी0ए0 जनरेटर एवं बाह्य न्यायालय उखीमठ में निष्प्रयोज्य 05 के0वी0ए0 जनरेटर "जैसा है जहां है कि स्थिति में" को नीलामी की तिथि से 03 दिवसों के अन्दर उठाना होगा। 03 दिवसों के अन्दर सामान न उठाने/अथवा समस्त धनराशि जमा न कर पाने की स्थिति में समस्त सुरक्षा धनराशि (Earnest Money) जब्त कर ली जाएगी।

12. किसी भी नीलामी को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार मा0 जिला न्यायाधीश, रुद्रप्रयाग में निहित है। उक्त के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के वाद–विवाद का क्षेत्राधिकार जनपद रूद्रप्रयाग होगा।

11.07.2026

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
अध्यक्ष, नीलामी समिति,
जजशिप, रूद्रप्रयाग।

निविदा फार्म

व्यक्ति / फर्म का नाम– .....

पिता का नाम– .....

आयु– .....

व्यवसाय– .....

पूरा पता– .....

.....

.....

.....

मोबाइल / फोन नम्बर– .....

ई–मेल आई.डी.– .....

आधार नम्बर– .....

जी.एस.टी / पेन नम्बर– .....

सुरक्षा धनराशि का विवरण– .....

मैंने नीलामी के सभी नियम एवं शर्तों को भली भांति पढ़ व समझ लिया है तथा मैं उपरो. क्त सभी नियम एवं शर्तों को मानने के लिए सहमत हूँ।

दिनांक :–

स्थान :–

व्यक्ति / फर्म के हस्ताक्षर